This booklet contains **48** Printed pages.
इस पुस्तिका में **48** मुद्रित पृष्ठ हैं।

# SAS-24-I

Main Test Booklet No. / मुख्य परीक्षा पुस्तिका संख्या

## PAPER-I / प्रश्न-पत्र-I

## MAIN TEST BOOKLET/मुख्य परीक्षा पुस्तिका

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**

Main Test Booklet Code / मुख्य परीक्षा पुस्तिका कोड

**I**

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of **2½ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue/Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page/ marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **I**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carries 1 mark :

| | | | |
|---|---|---|---|
| Part-I | : | Child Development and Pedagogy | (Q.Nos. 1-30) |
| Part-II | : | Mathematics | (Q.Nos. 31-60) |
| Part-III | : | Environmental Studies | (Q.Nos. 61-90) |
| Part-IV | : | Language-I (English/Hindi) | (Q.Nos. 91-120) |
| Part-V | : | Language-II (English/Hindi) | (Q.Nos. 121-150) |

6. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement (Language) Test Booklet of I Code that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form. No change in languages is allowed.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Language-II (Part-V) in a language other than the one chosen as Language-I (Part-IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.
10. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions of questions/ answers, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** हैं एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं। कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें।
4. इस पुस्तिका का **कोड I** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का कोड, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे कोड से मिलता है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं। अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | | |
|---|---|---|---|
| भाग-I | : | बाल विकास व शिक्षाशास्त्र | (प्रश्न सं. 1-30) |
| भाग-II | : | गणित | (प्रश्न सं. 31-60) |
| भाग-III | : | पर्यावरण अध्ययन | (प्रश्न सं. 61-90) |
| भाग-IV | : | भाषा-I (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | (प्रश्न सं. 91-120) |
| भाग-V | : | भाषा-II (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | (प्रश्न सं. 121-150) |

6. भाग-IV में भाषा-I के लिए 30 प्रश्न और भाग-V में भाषा-II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं। इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं। **यदि भाषा-I और/या भाषा-II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है/हैं तो कृपया I कोड वाली उस भाषा वाली परिशिष्ट (भाषा) परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए। जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए। भाषाओं का परिवर्तन अनुमन्य नहीं है।**
7. **परीक्षार्थी भाषा-II (भाग-V) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा-I (भाग-IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो।**
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई ख़ाली जगह पर ही करें।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है।
10. यदि अंग्रेज़ी और हिन्दी संस्करण के प्रश्नों/उत्तरों में कोई विसंगति हो तो अंग्रेज़ी संस्करण अंतिम माना जायेगा।

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ____________________

: in words (शब्दों में) ____________________

Centre of Examination (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : ____________________ Invigilator's Signature : ____________________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent : ____________________

## PART - I / भाग - I
## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Direction :*** *Answer the following questions (Q. Nos **1** to **30**) by selecting the **correct/most appropriate** options.*
***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या **1** से **30**) के उत्तर देने के लिए **सही/ सबसे** उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

**1.** While participating in a sports competition in class, Tanuj tells his friend that he will participate in the javelin throw and his sister can participate in jump rope because she is a girl and girls cannot throw javelin. This depicts :

(1) Gender constancy (2) Gender equality
(3) Gender equity (4) Gender stereotyping

कक्षा में खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेते समय तनुज अपने दोस्त से कहता है कि वह भाला फेंकने में हिस्सा लेगा और रस्सी कूदने में उसकी बहन हिस्सा ले सकती हैं क्योंकि वह एक लड़की है और लड़कियां भाला नहीं फेंक सकती। यह __________ को प्रदर्शित करता है।

(1) जेंडर संबंधता (2) जेंडर समानता
(3) जेंडर समता (4) जेंडर रूढ़िवादिता

**2.** While divergent thinking __________ convergent thinking __________.

(1) encourages multiple answers; is fixed on one correct solution
(2) is fixed on one correct solution; encourages multiple answers
(3) Promotes mathematical abilities; promotes verbal abilities
(4) Promotes verbal abilities; promotes mathematical abilities

अपसारी चिंतन __________ जबकि अभिसारी चिंतन __________।

(1) कई उत्तरों को प्रोत्साहित करता है; एक सही समाधान पर स्थिर है
(2) एक सही समाधान पर स्थिर है; कई उत्तरों को प्रोत्साहित करता है
(3) गणितीय क्षमताओं को बढ़ावा देता है; मौखिक क्षमताओं को बढ़ावा देता है
(4) मौखिक क्षमताओं को बढ़ावा देता है; गणितीय क्षमताओं को बढ़ावा देता है

**3.** Which of the following statements about inclusive education is **not** correct ?

(1) Inclusive teaching means "teaching in ways that do not exclude".
(2) Inclusive teaching means "adopting pedagogies that support needs of all learners".
(3) An inclusive classroom "accommodates differences in language styles and promotes collaboration".
(4) An inclusive classroom centres around "fixed curricula and standard assessment".

निम्नलिखित में से कौन सा कथन समावेशी शिक्षा के बारे में सही **नहीं** है ?

(1) समावेशी शिक्षण का अर्थ है ''ऐसे तरीकों से शिक्षण जो बहिष्कृत न करें''।
(2) समावेशी शिक्षण का अर्थ है ''उस शिक्षाशास्त्र को अपनाना जो सभी शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं का समर्थन करता है''।
(3) एक समावेशी कक्षा ''भाषा शैली में अंतर को समायोजित करती है और सहयोग को बढ़ावा देती है''।
(4) ''निश्चित पाठ्यचर्या और मानक मूल्यांकन'' के आसपास ही एक समावेशी कक्षा का केंद्र होता है।

4. **Assertion (A) :** Learners construct their own knowledge based on what they already know.
**Reason (R) :** Finding patterns and making linkages with previous knowledge helps learners to process information meaningfully.
Choose the **correct** option :
(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true but **(R)** is false.
(4) Both **(A)** and **(R)** are false.
**अभिकथन (A) :** शिक्षार्थी जो पहले से जानते हैं उसके आधार पर अपने ज्ञान का निर्माण करते हैं।
**कारण (R):** पैटर्न ढूँढना और पिछले ज्ञान के साथ जुड़ाव बनाने से शिक्षार्थियों को जानकारी को सार्थक रूप से संसाधित करने में मदद मिलती है।
**सही** विकल्प चुनें :
(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

5. **Assertion (A) :** Childhood is experienced differently by children across cultures.
**Reason (R) :** Childrens' development is universal.
Choose the **correct** option :
(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true but **(R)** is false.
(4) Both **(A)** and **(R)** are false.
**अभिकथन (A) :** बच्चों द्वारा बचपन अलग-अलग संस्कृतियों में अलग-अलग तरह से अनुभव किया जाता है।
**कारण (R) :** बच्चों का विकास सार्वभौमिक हैं।
**सही** विकल्प चुनें :
(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

6. According to attribution theory of motivation which of the following is more likely to result in persistent effort and improved performance ?
(1) An internal attribution for success and an external attribution for failure
(2) An external attribution for success and an internal attribution for failure
(3) Internal attribution for failure as well as success
(4) External attribution for failure as well as success
अभिप्रेरणा के आरोपण सिद्धांत के अनुसार निम्नलिखित में से किससे लगातार कोशिश और बेहतर प्रदर्शन की संभावना है?
(1) सफलता के लिए आंतरिक आरोपण और असफलता के लिए बाहरी आरोपण
(2) सफलता के लिए बाहरी आरोपण और असफलता के लिए आंतरिक आरोपण
(3) असफलता और सफलता दोनों के लिए आंतरिक आरोपण
(4) असफलता और सफलता दोनों के लिए बाहरी आरोपण

7. Which of the following is a key principle of progressive education ?
(1) Standardized testing is the best way to measure student learning
(2) Students should be passive recipients of knowledge from their teachers
(3) Learning should be based on authentic tasks
(4) Curriculum should be predetermined and universal

निम्नलिखित में से कौन सा प्रगतिशील शिक्षा का एक प्रमुख सिद्धांत है ?
(1) छात्रों के सीखने को मापने के लिए मानकीकृत परीक्षण सबसे अच्छा तरीका है।
(2) छात्रों को अपने शिक्षकों से ज्ञान का निष्क्रिय प्राप्तकर्ता होना चाहिए।
(3) सीखना प्रामाणिक कार्यों पर आधारित होना चाहिए।
(4) पाठ्यचर्या पूर्व निर्धारित और सार्वभौमिक होनी चाहिए।

8. Reasoning, thinking and problem-solving are explained in which aspect of development ?
(1) Social Development (2) Cognitive Development
(3) Moral Development (4) Motor Development

विकास के किस पहलू में तर्क, चिंतन और समस्या समाधान की व्याख्या की जाती है ?
(1) सामाजिक विकास (2) संज्ञानात्मक विकास
(3) नैतिक विकास (4) गतिक विकास

9. Lev Vygotsky proposes that __________ is important for self-regulation in children.
(1) Disequilibrium (2) Inner speech
(3) Adaptation (4) Organization

लेव वायगोत्स्की प्रस्तावित करते हैं कि __________ बच्चों में स्व-नियमन के लिए महत्वपूर्ण हैं।
(1) असंतुलन (2) निजी वाक्
(3) अनुकूलन (4) संगठन

10. **Assertion (A)** : In Lawrence Kohlberg's moral development theory children move from understanding consequences of acts to determine whether they are good or bad to understanding that rules and laws are flexible and can be changed.
**Reason (R)** : Lawrence Kohlberg argues that moral development occurs progressively in stages.
Choose the **correct** option :
(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true but **(R)** is false.
(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

**अभिकथन (A) :** लॉरेंस कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत में बच्चे कार्यों को उनके परिणाम के आधार पर अच्छा या बुरा समझने से, इस समझ पर पहुँचते हैं कि नियम और कानून नम्य हैं और बदले जा सकते हैं।
**कारण (R) :** लॉरेंस कोहलबर्ग का तर्क है कि नैतिक विकास क्रमिक रूप से चरणों में होता है।
**सही** विकल्प चुनें :
(1) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या करता है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) **(A)** सत्य है लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

**11.** As per Howard Gardner's theory of multiple intelligence, which of the following set represents correct match of intelligence and associated characteristics ?

(1) Intrapersonal : skill in understanding and relating to others
(2) Logical-Mathematical : skill of dance or athletic abilities
(3) Musical : performance or composition skills
(4) Spatial : skill of appreciating the natural world

हावर्ड गार्डनर के बहुबुद्धि के सिद्धांत के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा सेट बुद्धि और उसके संबंधित विशेषताओं के सही मेल का प्रतिनिधित्व करता है ?

(1) अंतवैयक्तिक : दूसरों को समझने और उनके साथ संबंध स्थापित करने के कौशल
(2) तार्किक-गणितीय : नृत्य या क्रीड़ा-संबंधी क्षमताएँ
(3) संगीतमय : प्रदर्शन या रचना करने के कौशल
(4) स्थानिक : प्राकृतिक वातावरण की सराहना करने के कौशल

**12.** Which of the following statements is **not** correct about learning ?

(1) Learning depends on learner's previous knowledge
(2) Learning implies reorganisation of prior conceptual schemes
(3) Learning is facilitated by social action
(4) Learning as a product rather than a process

निम्नलिखित में से कौन सा कथन अधिगम के बारे में सही **नहीं** है ?

(1) अधिगम शिक्षार्थी के पूर्व ज्ञान पर निर्भर करता है
(2) अधिगम का तात्पर्य पूर्व वैचारिक स्कीम्स के पुनर्गठन से है
(3) अधिगम सामाजिक क्रिया द्वारा संसाधित होती है
(4) अधिगम एक प्रक्रिया नहीं अपितु एक उत्पाद है

**13.** Problem solving is fostered by :

(1) Divergent thinking (2) Functional fixedness
(3) Passive imitation (4) Response Set

निम्नलिखित में से कौन सा कारक समस्या समाधान को बढ़ावा देता है ?

(1) अपसारी चिंतन (2) कार्यात्मक स्थिरता
(3) निष्क्रिय अनुसरण (4) प्रतिक्रिया सेट

**14.** According to Kohlberg's theory of moral development, at what stage are children self-centered and see their own benefit in doing something ?

(1) at the first stage in the first level
(2) at the second stage in the first level
(3) at the third stage in the second level
(4) at the fifth stage in the third level

कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत के अनुसार किस स्तर पर बच्चे आत्मकेन्द्रित होते हैं और किसी कार्य को करने में अपना ही लाभ देखते हैं ?

(1) पहले स्तर के पहले चरण में
(2) पहले स्तर के दूसरे चरण में
(3) दूसरे स्तर के तीसरे चरण में
(4) तीसरे स्तर के पाँचवे चरण में

15. Inclusion of students belonging to disadvantaged groups demands :
(1) awareness and sensitization towards diverse traditions.
(2) evidencing and encouraging identity-based stereotypes.
(3) isolation in the classroom on the basis of social affiliation.
(4) same-ability grouping of students in the classroom.
वंचित वर्गों से संबंधित विद्यार्थियों के समावेशन के लिए :
(1) विविध परम्पराओं के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना चाहिए।
(2) पहचान-आधारित रुढ़ियों को प्रमाणित और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
(3) सामाजिक संबद्धता के आधार पर कक्षा में अलगाव करना चाहिए।
(4) समान क्षमताओं के आधार पर विद्यार्थियों को समूहों में विभाजित करना चाहिए।

16. Which of the following is a characteristic of effective feedback in the classroom ?
(1) It is given only at the end of the task.
(2) It is broad and generic.
(3) It is only focused on the outcomes.
(4) It is timely and specific.
निम्नलिखित में से उपयोगी प्रतिपुष्टि की एक विशेषता कौन-सी है ?
(1) यह केवल कार्य के अंत में ही दी जाती है।
(2) यह व्यापक और सामान्य होती है।
(3) यह केवल परिणामों पर केंद्रित होती हैं।
(4) यह सामयिक और विशिष्ट होती है।

17. Proximodistal principle states that in infancy :
(1) the limbs continue to grow faster than the hands and feet.
(2) development proceeds from head to toe.
(3) development of language occurs rapidly as it is a sensitive period for development.
(4) Physical development occurs rapidly with the development of fine motor skills.
समीपस्थ सिद्धांत कहता है कि शैशवावस्था में :
(1) अंग - हाथों और पैरों की तुलना में तेजी से बढ़ते रहते हैं।
(2) विकास सिर से पाँव तक होता है।
(3) भाषा का विकास तेजी से होता है क्योंकि वह विकास के लिए संवेदनशील अवधि है।
(4) सूक्ष्म गतिक कौशल के विकास के साथ शारीरिक विकास तेजी से होता है।

18. **Assertion (A) :** School curriculum should give reasonable space and value to learner's cultural knowledges.
**Reason (R) :** Supporting students to uphold their cultural identities facilitates learning.
Choose the **correct** option :
(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true but **(R)** is false.
(4) Both **(A)** and **(R)** are false.
**अभिकथन (A) :** विद्यालयी पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों के सांस्कृतिक ज्ञान को उचित स्थान और मूल्य देना चाहिए।
**कारण (R) :** विद्यार्थियों को उनकी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने के लिए समर्थन प्रदान करना, सीखने की प्रक्रिया को सुगम बनाता है।
**सही** विकल्प चुनें :
(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

19. Which of the following would **not** be characterised as formative assessment ?
(1) An assessment given at the beginning of a new concept to determine students' prior knowledge.
(2) An assessment given during the class to provide ongoing feedback to students and teachers.
(3) An assessment task that is helpful in comparing students as per a standard set of criteria.
(4) An assessment used to identify misconceptions in a student's learning.

निम्नलिखित में से किसे रचनात्मक मूल्यांकन **नहीं** माना जाएगा ?
(1) छात्रों के पूर्व ज्ञान को निर्धारित करने के लिए एक नई अवधारणा की शुरुआत में दिया गया आकलन।
(2) छात्रों और शिक्षकों को अग्रगामी प्रतिपुष्टि प्रदान करने के लिए कक्षा के दौरान दिया गया मूल्यांकन।
(3) एक मूल्यांकन कार्य जो मानदंड के एक मानक पैमाने के अनुसार छात्रों की तुलना करने में सहायक होता है।
(4) एक आकलन एक छात्र के सीखने में गलत धारणाओं की पहचान करने के लिए प्रयोग किया जाता है।

20. Which of the following is a typical characteristic of Dyslexia ?
(1) Difficulty in creative problem solving
(2) Difficulty in phonological processing
(3) Difficulty in physical coordination
(4) Difficulty in spatial awareness

निम्नलिखित में से पठन वैकल्य की एक विशिष्ट विशेषता कौन-सी है ?
(1) रचनात्मक समस्या समाधान में कठिनाई
(2) ध्वन्यात्मक प्रसंस्करण में कठिनाई
(3) शारीरिक समन्वय में कठिनाई
(4) स्थानिक समझ/जानकारी में कठिनाई

21. Which of the following types of questions can help assess a student's ability to evaluate information critically ?
(1) Questions that ask for a simple definition of a term
(2) Questions that ask for the student's personal opinion
(3) Questions that ask for examples that validate the text
(4) Questions that ask for a summary of a text

निम्न में से किस प्रकार के प्रश्न एक छात्र की जानकारी का गंभीर रूप से मूल्यांकन करने की योग्यता का आकलन करने में मदद करता है ?
(1) वे प्रश्न जो शब्द की सरल परिभाषा के लिए पूछते हैं
(2) वे प्रश्न जो छात्र की व्यक्तिगत राय पूछते हैं
(3) वे प्रश्न जो पाठ को मान्य करने वाले उदाहरणों के लिए पूछते हैं
(4) वे प्रश्न जो किसी पाठ का सारांश माँगते हैं

22. Impairment is a __________ condition, while disability is a __________ condition.
(1) biological, functional (2) functional, biological
(3) operative, physical (4) social, psychological

बाधिता एक __________ स्थिति है, जबकि अक्षमता एक __________ स्थिति है।
(1) जैविक, कार्यात्मक (2) कार्यात्मक, जैविक
(3) क्रियात्मक, शारीरिक (4) सामाजिक, मनोवैज्ञानिक

**23.** Which of the following aptly defines relationship between cognition and emotion ?
(1) Cognition and emotion are two independent systems.
(2) Emotion and cognition are interdependent on each other.
(3) Cognition influences emotions but reverse is not true.
(4) Emotions influence cognition but reverse is not true.
निम्नलिखित में से कौन-सा कथन संज्ञान और भावनाओं के बीच के संबंध को उपयुक्त रूप से परिभाषित करता है ?
(1) संज्ञान और भावनाएँ, दोनों स्वतंत्र प्रणालियाँ हैं।
(2) भावनाएँ और संज्ञान आपस में एक-दूसरे पर पारस्परिक रूप से निर्भर करते हैं।
(3) संज्ञान भावनाओं को प्रभावित करता है लेकिन इसका विपरीत सत्य नहीं है।
(4) भावनाएँ संज्ञान को प्रभावित करती हैं लेकिन इसका विपरीत सत्य नहीं है।

**24.** Language development in primary classes is facilitated :
(1) When teachers use concrete examples to refer to abstract concepts.
(2) When teachers stress upon and enforce the use of formal language.
(3) When teachers ignore and dismiss the mother tongue of the children.
(4) When teachers begin from signs and symbols rather than concrete objects.
प्राथमिक कक्षाओं में भाषा का विकास किस प्रकार संसाधित होता है ?
(1) जब शिक्षक अमूर्त अवधारणाओं को संदर्भित करने के लिए ठोस उदाहरणों का उपयोग करते हैं।
(2) जब शिक्षक औपचारिक भाषा के प्रयोग पर जोर देते हैं और उसे लागू करते हैं।
(3) जब शिक्षक बच्चों की मातृभाषा की अवहेलना और उपेक्षा करते हैं।
(4) जब शिक्षक मूर्त वस्तुओं के बजाय संकेतों और प्रतिकों से शुरू करते हैं।

**25.** Which of the following correctly describes intrinsic motivation ?
(1) Motivation that comes from external rewards
(2) Motivation that comes from personal enjoyment of the task
(3) Motivation that comes from competition with others
(4) Motivation that comes from a fear of punishment
निम्नलिखित में से कौन आंतरिक अभिप्रेरणा का सही वर्णन करता है ?
(1) अभिप्रेरणा जो बाहरी पुरस्कारों से आती है
(2) अभिप्रेरणा जो कार्य के व्यक्तिगत-आनंद से आती है
(3) अभिप्रेरणा जो दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा से आती है
(4) अभिप्रेरणा जो दंड के भय से आती है

**26.** Which of the following are examples of scaffolding ?
(a) Think-aloud (b) Prompts and cues (c) Questions
(d) Half-solved example (e) Rote Rehearsal
(1) (a), (b) (2) (a), (b), (c)
(3) (a), (b), (c), (d) (4) (a), (b), (c), (d), (e)
निम्न में से कौन सा आलम्बन के उदाहरण हैं ?
(a) बोल कर सोचो (b) संकेत और ईशारे (c) प्रश्न
(d) आधा हल किया हुआ उदाहरण (e) रटकर दोहराव
(1) (a), (b) (2) (a), (b), (c)
(3) (a), (b), (c), (d) (4) (a), (b), (c), (d), (e)

27. In the course of development, children achieve gross motor skills before fine motor skills. This indicates that development is :

(1) Anarchic (2) Cephalocaudal
(3) Linear (4) Proximodistal

विकास के क्रम में, बच्चे सूक्ष्म पेशीय कौशल से पहले सकल पेशीय कौशल विकसित करते हैं। यह दर्शाता है कि विकास :

(1) अराजक (2) शीर्षगामी
(3) रेखीय (4) समीप-दूराभिमुख

28. As per Jean Piaget's theory of cognitive development, which of the following ability distinguishes concrete operational thinking from Pre-operational thinking ?

(1) Coordination of senses (2) Decentering
(3) Hypothetical reasoning (4) Object permanence

जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी क्षमता मूर्त-संक्रियात्मक सोच को पूर्व-संक्रियात्मक सोच से अलग करती है?

(1) इंद्रियों का समन्वय (2) विकेंद्रण
(3) परिकल्पित तार्किकता (4) वस्तु स्थायित्व

29. After getting 'out' in the game due to the rope getting stuck in her leg while jumping Aru says that the rope deliberately got her out. At what stage of Jean Piaget's theory of cognitive development do children reason like this ?

(1) Concrete Operational stage (2) Formal Operational stage
(3) Sensory-motor stage (4) Pre-operation stage

रस्सी कूदते समय पैर में रस्सी फँसने के कारण 'आउट' होने के बाद अरू कहती है कि उसे रस्सी ने जानबूझकर 'आउट' किया है। जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त की किस अवस्था में बच्चे इस तरह के तर्क देते हैं?

(1) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था (2) औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था
(3) संवेदी चालक अवस्था (4) पूर्व-चलन अवस्था

30. Socio-constructivist views of learning advocate that -

(1) Learners receive knowledge passively from others
(2) Learners actively construct knowledge
(3) Effective learning is activated by lecturing and explaining
(4) Effective learning takes place through the process of recall and rehearsal

सीखने के सामाजिक-संरचनावादी विचार इस बात की वकालत करते हैं कि :

(1) शिक्षार्थी दूसरों से निष्क्रिय रूप से ज्ञान प्राप्त करते हैं
(2) शिक्षार्थी सक्रिय रूप से ज्ञान का निर्माण करते हैं
(3) व्याख्यान देने और समझाने से प्रभावी शिक्षण सक्रिय होता है
(4) प्रत्याहार और दोहराव की चिंतन प्रक्रिया से प्रभावी शिक्षण होती है

## PART - II / भाग - II
## MATHEMATICS / गणित

***Direction :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/ सबसे*** *उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

**31.** Which of the following should be the characteristics of mathematical language at primary level ?

(a) It should be precise.

(b) It must be ambiguous as it can add openness in the subject.

(c) It should be reinforced through child's language used in everyday life.

(d) It must be highly technical as it will help students to communicate accurately in mathematics.

Choose the **correct** option :

(1) (a) and (d) (2) (a), (b) and (c) (3) (a) and (c) (4) (a), (c) and (d)

निम्नलिखित में से कौन-सी प्राथमिक स्तर पर गणितीय भाषा की विशेषताएँ होनी चाहिए ?

(a) यह सटीक होनी चाहिए।

(b) यह अस्पष्ट होनी चाहिए ताकि यह विषय में खुलापन जोड़ सके।

(c) बच्चे की दैनिक जीवन में उपयोग की जाने वाली भाषा के माध्यम से इसे प्रबलित किया जाना चाहिए।

(d) यह अत्यधिक प्राविधिक होनी चाहिए क्योंकि इससे विद्यार्थियों की गणित में सही सम्प्रेषण करने में सहायता होगी।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) (a) और (d) (2) (a), (b) और (c) (3) (a) और (c) (4) (a), (c) और (d)

**32.** A student of class III solved $26 \times 5$ as

$$\begin{array}{r} 26 \\ \times\ 5 \\ \hline 1030 \end{array}$$

Revisiting which of the following will best remediate this misconception ?

(1) Multiplication of one digit by one digit (2) Concept of regrouping

(3) Recalling multiplication tables (4) One to one correspondence

कक्षा III के एक विद्यार्थी ने $26 \times 5$ को इस प्रकार हल किया

$$\begin{array}{r} 26 \\ \times\ 5 \\ \hline 1030 \end{array}$$

निम्नलिखित में से क्या दोहराना इस भ्रांति को सुधारने के लिए सबसे उपयुक्त होगा ?

(1) एक अंक की एक अंक से गुणा। (2) पुनर्समूहीकरण की अवधारणा।

(3) पहाड़ों का प्रत्यास्मरण। (4) एकैकी संगति।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

33. A number becomes double if it is increased by 8. What is the number ?

(1) 6 (2) 8 (3) 12 (4) 16

एक संख्या में आठ जोड़ दिया जाए, तो वह दुगुनी हो जाती है। वह संख्या क्या होगी ?

(1) 6 (2) 8 (3) 12 (4) 16

34. One millimetre is the same as :

(1) 0.01 cm (2) 0.1 cm (3) 0.01 m (4) 0.1 m

एक मिलीमीटर बराबर है :

(1) 0.01 cm (2) 0.1 cm (3) 0.01 m (4) 0.1 m

35. A __________ is always a regular polygon.

(1) Isosceles triangle (2) Square

(3) Pentagon (4) Circle

एक __________ सदैव सम बहुभुज होता है।

(1) समद्विबाहु त्रिभुज (2) वर्ग

(3) पंचभुज (4) वृत्त

36. The sum of all angles of a triangle is :

(1) 60° (2) 90° (3) 180° (4) 360°

त्रिभुज के सभी कोणों का योग है :

(1) 60° (2) 90° (3) 180° (4) 360°

37. Which of the following is/are related to early number concept formation ?

(a) One to one correspondence

(b) Hierarchical inclusion

(c) Basic operations

Choose the **correct** option :

(1) Only (a) (2) (a) and (c) (3) (a) and (b) (4) (b) and (c)

निम्नलिखित में से कौन सा/से आरंभिक संख्या अवधारणा के बनने से संबंधित है ?

(a) एकैकी संगति

(b) पदानुक्रमिक समावेशन

(c) मूलभूत संक्रियाएँ

**सही** विकल्प चुनें :

(1) केवल (a) (2) (a) और (c) (3) (a) और (b) (4) (b) और (c)

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

38. Which of the following statements is/are most appropriate for the idea of cognitive conflict in teaching mathematics ?

(a) Thoughtful efforts of a teacher to expose children to cognitive conflict can enhance their mathematical understanding.

(b) It is not useful for promoting mathematical understanding in children.

(c) Children get confused so cognitive conflict must be avoided.

Choose the **correct** option :

(1) (b) and (c) (2) (a) and (c) (3) Only (a) (4) Only (c)

गणित शिक्षण में संज्ञानात्मक संघर्ष के विचार के लिए निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सबसे उपयुक्त है?

(a) संज्ञानात्मक संघर्ष के प्रति बच्चों को सुगम्य बनाने के शिक्षक के विचारपूर्ण प्रयासों से उनकी गणितीय समझ को बढ़ावा मिल सकता है।

(b) यह बच्चों में गणितीय समझ को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी नहीं है।

(c) संज्ञानात्मक संघर्ष से बचना चाहिए क्योंकि इससे बच्चे भ्रमित हो जाते हैं।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) (b) और (c) (2) (a) और (c) (3) केवल (a) (4) केवल (c)

39. Which aspect of evaluation is used when a teacher ensures that test made by her fulfils the objectives and criteria of that test ?

(1) Validity (2) Practicality (3) Reliability (4) Consistency

जब शिक्षिका यह सुनिश्चित करती है कि उसके द्वारा बनाया गया टैस्ट, उस टैस्ट के उद्देश्यों एवं कसौटी को पूरा करते हैं तब मूल्यांकन के किस पक्ष का उपयोग किया गया है?

(1) वैधता (2) व्यावहारिकता (3) विश्वसनीयता (4) सुसंगति

40. What should be subtracted from the sum of 9909, 9099 and 9009 to obtain 25454 ?

(1) 2356 (2) 2365 (3) 2536 (4) 2563

25454 प्राप्त करने के लिए 9909, 9099 और 9009 के योग में से क्या घटाना होगा?

(1) 2356 (2) 2365 (3) 2536 (4) 2563

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

41. Which of the following statements is **correct** ?
   (1) 1 is a prime number
   (2) 1 is a composite number
   (3) 1 is both, a prime and a composite number
   (4) 1 is neither prime nor a composite number

   निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन **सही** है?
   (1) 1, एक अभाज्य संख्या है।
   (2) 1, एक भाज्य संख्या है।
   (3) 1 दोनों है, एक भाज्य और अभाज्य संख्या।
   (4) 1 न तो अभाज्य है और न ही भाज्य है।

42. See the number pattern given below :
   1, 8, 27, 64, 125, __________ , _________
   What will be the next two terms ?
   (1) 256 and 289 (2) 216 and 289 (3) 256 and 343 (4) 216 and 343

   नीचे दिए गए संख्या पैटर्न को देखिए :
   1, 8, 27, 64, 125, __________ , _________
   अगले दो पद क्या होंगे?
   (1) 256 और 289 (2) 216 और 289 (3) 256 और 343 (4) 216 और 343

43. Which of the following statement is least appropriate for encouraging mathematical learning ?
   (1) Failure does not imply that students cannot do mathematics.
   (2) Everyone can learn mathematics.
   (3) Mathematics learning is not gender specific.
   (4) Discourage intuition as it hampers the development of mathematical ideas.

   निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गणितीय अधिगम को प्रोत्साहित करने के लिए सबसे कम उपयुक्त है?
   (1) असफलता का अर्थ यह नहीं होता कि विद्यार्थी गणित नहीं कर सकते।
   (2) सभी गणित सीख सकते हैं।
   (3) गणित अधिगम जेंडर-विशिष्ट नहीं होता है।
   (4) अन्तर्ज्ञान को हतोत्साहित करना चाहिए क्योंकि यह गणितीय विचारों को विकसित करने में बाधा डालता है।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

44. The value of $25.3 \times 5 - 35 \div 5 - 3 \times 18.5$ is :

(1) 283.05 (2) 64.0 (3) 95.0 (4) $-26.5$

$25.3 \times 5 - 35 \div 5 - 3 \times 18.5$ का मान है :

(1) 283.05 (2) 64.0 (3) 95.0 (4) $-26.5$

45. According to National Education Policy (NEP) 2020, assessment of learners include :

(1) Cognitive and physical domains

(2) Cognitive, affective and psychomotor domains

(3) Cognitive, social and spiritual domains

(4) Physical and psychological domains

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, के अनुसार, शिक्षार्थियों का आकलन __________ को शामिल करता है।

(1) संज्ञानात्मक और भौतिक आयाम

(2) संज्ञानात्मक, भावात्मक और मनोगत्यात्मक आयाम

(3) संज्ञानात्मक, सामाजिक, आध्यात्मिक आयाम

(4) भौतिक और मनोवैज्ञानिक आयाम

46. A frog jumps 3 steps and a rabbit jumps 7 steps at a time starting from a place O. At which of the following steps, they both will be jumping together ?

(1) 343 (2) 371 (3) 378 (4) 354

किसी स्थान O से आरंभ करके एक मेढ़क 3 कदम और एक खरगोश 7 कदम की छलांग लगाते हैं। निम्न में से किस कदम पर वे दोनों एक साथ छलांग लगाएँगे ?

(1) 343 (2) 371 (3) 378 (4) 354

47. The number of degrees in $2\frac{2}{3}$ right angles is :

(1) 210 (2) 285 (3) 240 (4) 330

$2\frac{2}{3}$ समकोणों में डिग्रियों की संख्या है :

(1) 210 (2) 285 (3) 240 (4) 330

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

48. Which one of the following costs least ?

(1) 75 packets of ₹ 750 each (2) 750 packets of ₹ 7.50 each

(3) 7.5 dozen items of ₹ 750 each item (4) 75 dozen items of ₹ 7.50 each item

निम्नलिखित में से किसकी लागत सबसे कम है ?

(1) ₹ 750 प्रत्येक पैकेट वाले 75 पैकेट (2) ₹ 7.50 प्रत्येक पैकेट वाले 750 पैकेट

(3) ₹ 750 प्रत्येक वस्तु वाली 7.5 दर्जन वस्तुएँ (4) ₹ 7.50 प्रत्येक वस्तु वाली 75 दर्जन वस्तुएँ

49. National Education Policy (NEP) - 2020 talks about "Knowledge of India". Which of the following are **not** included in it ?

(1) Knowledge from ancient India and its contributions to modern India.

(2) Tribal knowledge, indigenous and traditional ways of learning as part of various subjects like Mathematics, Astronomy, Medicine, Agriculture etc.

(3) Field visits to different states as part of cultural exchange programmes.

(4) Formal examination to assess the knowledge gained by the students.

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-(एन.ई.पी) - 2020 "भारत का ज्ञान" के बारे में बात करती है। निम्नलिखित में से क्या इसमें सम्मिलित **नहीं** है ?

(1) आधुनिक भारत के प्रति प्राचीन भारत का ज्ञान और उसका योगदान।

(2) विभिन्न विषयों जैसे गणित, खगोल विज्ञान, चिकित्सा, कृषि इत्यादि के हिस्से के रूप में आदिवासी ज्ञान, अधिगम के स्वदेशी और पारंपरिक तरीके।

(3) सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में विभिन्न राज्यों का दौरा।

(4) विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि के आकलन के लिए औपचारिक परीक्षाएँ।

50. Which of the following model is least appropriate to develop the conceptual understanding regarding the relationships of ones, tens and hundreds in early grade learners ?

(1) Dienes blocks (2) Money

(3) Abacus (4) Place value chart

निम्नलिखित में से कौन सा मॉडल शुरुआती कक्षा के शिक्षार्थियों में इकाई, दहाई और सैकड़े के संबंध के बारे में अवधारणात्मक समझ विकसित करने के लिए सबसे कम उपयुक्त है ?

(1) डीन्स ब्लॉक्स (2) मुद्रा

(3) गिनतारा (4) स्थानीय मान चार्ट

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

51. Brij had a wire of length 100 metres to cover the land of his choice. He wanted to take the biggest land. Which of the following measurements should he choose to take the biggest area ?

(1) 15 m × 35 m (2) 30 m × 20 m (3) 25 m × 25 m (4) 5 m × 45 m

बृज के पास अपनी पसंद की ज़मीन घेरने के लिए 100 मीटर का तार था। वह सबसे बड़ा ज़मीन का टुकड़ा लेना चाहता था। निम्नलिखित में से उसे किस माप का टुकड़ा लेना चाहिए ताकि उसकी ज़मीन का क्षेत्रफल अधिकतम हो ?

(1) 15 m × 35 m (2) 30 m × 20 m (3) 25 m × 25 m (4) 5 m × 45 m

52. Which of the following is **not** true about 'multiplicity of approaches' in teaching mathematics ?

(1) Very often, there are many ways of solving a problem.

(2) It hampers the learning of child as it leads to confusion.

(3) Offering such a choice allows children to explore and use the approach that is most natural and easy for them.

(4) It is crucial for liberating school mathematics from the tyranny of the one correct answer.

गणित के शिक्षण में 'विभिन्न प्रकार के तरीकों' के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य **नहीं** है ?

(1) ऐसा बहुत बार होता है कि एक समस्या का समाधान करने के कई तरीके हों।

(2) यह बच्चे के अधिगम में बाधा डालता है क्योंकि यह भ्रम की अगुआई करता है।

(3) इस तरह के विकल्प प्रस्तुत करने से बच्चों को उस उपागम का अन्वेषण करने और उपयोग करने का अवसर मिलता है जो उनके लिए सबसे स्वभाविक और आसान हो।

(4) यह स्कूली गणित को एक ही सही उत्तर होने की परंपरा से मुक्त करने के लिए महत्वपूर्ण है।

53. Which of the following statement is most appropriate ?

(1) Mathematics lab is essential as it provides opportunities for hands on activities for students.

(2) Charts are used in mathematics class as an effective teaching-learning material.

(3) Use of teaching-learning material in mathematics class consume students' time for practice.

(4) Students do not enjoy riddles in mathematics class.

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सबसे अधिक उपयुक्त है ?

(1) गणित की लैब जरुरी है क्योंकि यह क्रियाशील गतिविधियों का अवसर प्रदान करती है।

(2) चार्टस् गणित की कक्षा में एक प्रभावी शिक्षण-अधिगम सामग्री है।

(3) शिक्षण-अधिगम सामग्री का उपयोग गणित की कक्षा में विद्यार्थियों के अभ्यास का समय व्यय कर देता है।

(4) विद्यार्थी गणित की कक्षा में पहेलियों में आनंद नहीं लेते।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**54.** How many packets of $\frac{1}{12}$ kg salt can be made from $7\frac{1}{2}$ kg of salt ?

(1) 45 (2) 60 (3) 72 (4) 90

$7\frac{1}{2}$ kg नमक से $\frac{1}{12}$ kg नमक के कितने पैकेट बनाए जा सकते हैं ?

(1) 45 (2) 60 (3) 72 (4) 90

**55.** While solving

$$\begin{array}{r} 182 \\ -67 \\ \hline \end{array}$$

in class II, a teacher explained that we have to subtract 7 from 2 and 2 is smaller than 7. So we will borrow one from 8 and then we can subtract 7 from 12. One student told teacher : Mam ! why we are borrowing from eight, as borrowing is not good. What a teacher should do in such a situation ?

(1) Teacher should scold the student and make him sit.

(2) Teacher should change the word 'borrowing' to 'regrouping' and then show the process of regrouping.

(3) Teacher should tell the student to focus on learning the algorithm of subtraction.

(4) Teacher should ignore the student's question and continue with her work.

कक्षा II में

$$\begin{array}{r} 182 \\ -67 \\ \hline \end{array}$$

को हल करवाते हुए एक अध्यापिका ने स्पष्ट किया कि हमें 7 को 2 में से घटाना है और 2, छोटा है 7 से। इसलिए हमें 8 से एक उधार लेना पड़ेगा और तब हम 12 में से 7 को घटा कर पाएँगे। एक बच्चे ने अध्यापिका से पूछा : मैडम ! हम 8 से उधार क्यों ले रहे हैं। उधार लेना अच्छा नहीं होता। इस परिस्थिति में अध्यापिका को क्या करना चाहिए ?

(1) अध्यापिका को बच्चे को डाँट कर बैठा देना चाहिए।

आंतरिक और बाह्य दोनों रूपों में स्वच्छता और निर्मलता एक बुनियादी आवश्यकता है। मन के शुद्ध और सात्विक विचार आंतरिक स्वच्छता के आयाम हैं। बाह्य स्वच्छता के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा-पर्यावरण, अच्छी सामाजिक और आर्थिक स्थिति का समावेश होता है। बाह्य स्वच्छता का मूलाधार आंतरिक स्वच्छता है। मन की स्वच्छता मानव व्यवहार को दर्शाती है। सत्य, शुद्धता, शांति, प्रेम और सम्मान जैसे आत्मा के जन्मजात गुणों का उल्लंघन प्राकृतिक विधि, विधान और व्यवस्था का उल्लंघन है।

**91.** आंतरिक स्वच्छता से संबंधित नहीं है :
(1) निर्मल विचार (2) शांति (3) प्रेम (4) शिक्षा

**92.** बुनियादी आवश्यकता है :
(1) बाहरी स्वच्छता और निर्मलता
(2) भीतरी स्वच्छता और निर्मलता
(3) बाहरी और भीतरी स्वच्छता और निर्मलता
(4) बाहरी और भीतरी स्वच्छता और शुद्ध विचार

**93.** 'बाह्य स्वच्छता का मूलाधार आंतरिक स्वच्छता है।'
वाक्य का आशय है :
(1) बाहरी और भीतरी स्वच्छता दोनों आवश्यक हैं।
(2) भीतरी स्वच्छता पर बाहरी स्वच्छता आधारित है।
(3) बाहरी स्वच्छता पर ही भीतरी स्वच्छता आधारित है।
(4) बाहरी और भीतरी स्वच्छता एक दूसरे से स्वतंत्र हैं।

**94.** 'विधान' में इक प्रत्यय लगाने पर शब्द बनेगा :
(1) विधानीक (2) विधानिक (3) वैधानिक (4) वैधानीक

**95.** निम्न में से किसमें विशेषण-विशेष्य का संबंध नहीं है?
(1) बाह्य स्वच्छता (2) बुनियादी आवश्यकता
(3) शिक्षा - पर्यावरण (4) जन्मजात गुण

**96.** समूह से भिन्न शब्द है :
(1) स्वच्छता (2) निर्मलता (3) सम्मान (4) स्वच्छ

**97.** 'आंतरिक स्वच्छता' से तात्पर्य है :
(1) मन में कोमल भाव जगाना। (2) मन के बुरे भावों को दूर करना।
(3) मन की कल्पना को उड़ान देना। (4) मन की समस्त भावनाओं का दमन करना।

**98.** 'बुनियादी' में प्रत्यय है :

(1) दी (2) यादी (3) ई (4) इ

**99.** गद्यांश के अनुसार मनुष्य के लिए __________ सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

(1) विचारों और भावों की पवित्रता (2) शारीरिक स्वच्छता एवं शुद्धता

(3) शांति, प्रेम और बाह्य स्वच्छता (4) शांति, बाह्य स्वच्छता और स्वास्थ्य

**नीचे दी गई कविता की पंक्तियों को पढ़कर सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए। (100 - 105)**

हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से,
आज़ादी के लिए हमारी लंबी चली लड़ाई थी।
लाखों लोगों ने प्राणों से कीमत बड़ी चुकाई थी,
व्यापारी बनकर आए और छल से हम पर राज किया,
हमको आपस में लड़वाने की नीति अपनाई थी।
हमने अपना गौरव पाया, अपने स्वाभिमान से
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से।

**100.** कविता में किस 'छल' की बात की गई है?

(1) व्यापारी बन हमें गुलाम बनाने के (2) व्यापारी बन मिलावट करने के

(3) व्यापारी बन पैसों का हेर-फेर करने के (4) व्यापारी बनने की वेश-भूषा धारण करने के

**101.** 'नीति' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग किया जा सकता है?

(1) ता (2) ई (3) इक (4) ईय

**102.** 'स्वाभिमान' का संधि-विच्छेद है :

(1) स्वा + भिमान (2) स्व + भिमान (3) स्व + आभिमान (4) स्व + अभिमान

**103.** देश को स्वतंत्रता प्राप्त करने में एक लंबा समय लगा था। यह भाव कविता के किस अंश में प्रतिबिंबित होता है?

(1) वीर शहीदों के बलिदान से। (2) कीमत बड़ी चुकाई थी।

(3) गौरव पाया अपने स्वाभिमान से। (4) लंबी चली लड़ाई थी।

**104.** देश की स्वतंत्रता के लिए :

(1) शस्त्रों का निर्माण किया गया। (2) अपने जीवन की आहुति दी।

(3) वीरों की भर्ती की गई। (4) बहुत सारा धन दिया गया।

**105.** आज़ादी मिलने का श्रेय किसे दिया गया है?

(1) वीरों की कूट नीति को। (2) वीरों के अस्त्र-शस्त्रों को।

(3) वीरों के बलिदान को। (4) व्यापारी वर्ग के सहयोग को।

**106.** निम्नलिखित वाक्य के संदर्भ में कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
बच्चों द्वारा शिशु गीत, गीत, अलापना किसके तरीके हैं?

(1) शब्दावली को समृद्ध करने के।
(2) शब्द और वाक्य संरचना को कंठस्थ करने के।
(3) उच्चारण का अभ्यास करने के।
(4) अभिव्यक्ति का संवर्द्धन और वाक्यों की लय के।

**107.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक स्तर पर पुस्तकालय के प्रयोग के बारे में सही **नहीं** है?
पुस्तकालय एक भंडार गृह के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि :

(1) शिक्षार्थियों को बाल साहित्य की विविध प्रकार की विधाओं को देखने के मौके मिलने चाहिए।
(2) पुस्तकों के साथ संलग्नता के सक्रिय परिवेश के रूप में देखा जाना चाहिए।
(3) अध्यापक और दूसरे वयस्क भी पुस्तकालयों में आदर्श पठन व्यवहार प्रदर्शित कर सकते हैं।
(4) पुस्तकालय में पाठ्यपुस्तकों का सस्वर पठन सर्वाधिक उपयुक्त रूप से हो सकता है।

**108.** साक्षरता अर्जित करने के लिए किसमें निपुणता (मास्टरी) होनी चाहिए?

(1) ध्वन्यात्मक जागरूकता और प्रवाह
(2) दृश्य (साइट) शब्दावली और प्रतिमानों की पहचान
(3) डिकोडिंग और भाषा अवबोधन
(4) सटीकता और ध्वन्यात्मक बोध

**109.** निम्नलिखित में से कौन-सा व्याकरण शिक्षण को प्रभावशाली तरीके से पढ़ाने के बारे में सही **नहीं** है?

(1) वास्तविक सम्प्रेषण प्रस्तुत करना।
(2) व्याकरण के प्रासंगिक नियम प्रस्तुत करना।
(3) सम्प्रेषण के अभ्यास के अवसर देना।
(4) व्याकरण को उसके नियम कंठस्थ करके सीखना।

**110.** निम्नलिखित में से कौन-सा साक्षरता शिक्षण उपागम अक्षरों और ध्वनि के बीच संबंध पर बल देता है?

(1) समग्र भाषा पद्धति
(2) व्याकरण अनुवाद
(3) स्थितिपरक उपागम
(4) ध्वनि विज्ञान निर्देश

**111.** कक्षा तीन की अध्यापिका ने अपने शिक्षार्थियों से कहा कि वे अपने सहपाठियों से 'सकना' शब्द के प्रयोग की योग्यता से संबंधित पाँच प्रश्न पूछें, जैसे कि - क्या तुम तैर सकते हो? गतिविधि का यह प्रकार किसलिए है?

(1) मौखिक प्रवाह अभ्यास
(2) नियन्त्रित मौखिक अभ्यास
(3) स्वच्छन्द बोलना
(4) निष्क्रिय श्रवण

**112.** कक्षा तीन की अध्यापिका अपनी कक्षा में पठन कोना सृजित करना चाहती है। बच्चों के लिए पुस्तकों का चयन करते समय निम्नलिखित में से किस प्रश्न को सबसे अधिक महत्वपूर्ण मानना चाहिए?

(1) क्या इन पुस्तकों के लेखक जाने-माने हैं? बाल साहित्य के माननीय लेखक हैं?
(2) क्या पुस्तकें कक्षा के अधिकांश विद्यार्थियों के स्वतंत्र पठन स्तर के अनुसार लिखी गई है?
(3) क्या पुस्तकें तीसरी कक्षा की पठन पाठ्यचर्या के लक्ष्य को संबोधित करने में मदद करेंगी?
(4) क्या ये पुस्तकें एक से अधिक निर्देशात्मक प्रसंग में प्रयोग के लिए उपयुक्त हैं?

**113.** कौनसा उपागम/विधि शिक्षार्थी की जीवन की वास्तविक परिस्थितियों में भाषा प्रयोग के मुख्य लक्ष्य से संबंधित हैं?

(1) प्राकृतिक उपागम
(2) सम्प्रेषणात्मक उपागम
(3) प्रत्यक्ष विधि (डायरेक्ट)
(4) श्रव्य भाषिक विधि

**114.** एक अध्यापक ने शिक्षार्थियों को अपने सहपाठियों से अपनी अभ्यास पुस्तिकाओं की अदला-बदली कर जाँचने के लिए कहा। इस कार्य का उद्देश्य क्या है?

(1) विस्तृत पठन का अभ्यास करवाना।
(2) नई शब्दावली के प्रयोग का अभ्यास करवाना।
(3) संरचनाओं का नियन्त्रित अभ्यास करवाना।
(4) सहपाठी के काम की जाँच के कौशल विकसित करना।

**115.** बुनियादी चरण की अवस्था वाले बच्चे अधिगम में तब कहीं अधिक संलग्न होते हैं जब __________।

(1) वे अध्यापक के पीछे-पीछे शिशुगीत गाते हैं।
(2) वे सभी इन्द्रियों का प्रयोग करते हैं और अपने हाथों का सक्रिय प्रयोग करते हैं।
(3) वे अपनी कॉपी में अक्षरों की बार-बार ट्रेसिंग करते हैं या बार-बार लिखते हैं।
(4) मुख्य केन्द्र सिर्फ़ सूक्ष्म गत्यात्मक कौशलों के विकास पर होता है।

**116.** कक्षा पाँच की एक विद्यार्थी कहती है,
''मैं अपना काम अध्यापक को देने से पहले सटीकता के लिए अन्तिम (फाइनल) रूप से भी जाँचती हूँ।''
यह विद्यार्थी लेखन के किस चरण पर है?

(1) प्रारूपण
(2) पुन: प्रारूपण
(3) प्रूफ़ रीडिंग
(4) सहपाठी मूल्याँकन

**117.** कौन-सा उपागम/विधि बच्चों को भाषा की कक्षा में उनकी अपनी सहजात भाषा (मातृभाषा) का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित **नहीं** करता है?

(1) प्राकृतिक उपागम
(2) सम्प्रेषणात्मक उपागम
(3) प्रत्यक्ष विधि (डायरेक्ट)
(4) श्रव्यभाषिक विधि

**118.** एक अध्यापिका कक्षा दो के विद्यार्थियों के लिए विविध प्रकार की शिक्षण अधिगम सामग्री जुटाना चाह रही है। निम्नलिखित में से कौन-सा मानदंड टीएलएम के चयन के लिए सही **नहीं** है?

(1) चयनित सामग्री इस आयु समूह के बच्चों के प्रयोग के लिए आकर्षक और सुरक्षित होनी चाहिए।
(2) चयनित सामग्री ऐसी हो जो बच्चों को जिज्ञासा के साथ खोजबीन और प्रयोग करने में पर्याप्त अवसर दे।
(3) चयनित सामग्री अधिमानत: स्थानीय रूप से निर्मित या स्थानीय रूप से उपलब्ध हो जिससे आसानी से बदला जा सके।
(4) चयनित सामग्री सिर्फ़ बच्चों द्वारा बनाई गई होनी चाहिए और फिसलन को बचाने के लिए कुछ खुरदरी होनी चाहिए।

**119.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा द्वारा रेखांकित दक्षताओं को प्राप्त करने में प्रत्येक बच्चे की प्रतिभागिता को समर्थन देने वाला समावेशी, स्वागतीय और आनंददायी परिवेश सर्वाधिक उपयुक्त तरीके से कैसे सृजित किया जा सकता है?

(1) तपती हुई धूप में बाह्य गतिविधियों को न करके और आन्तरिक गतिविधियों का आयोजन करके
(2) मुख्यत: शिक्षार्थी के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली पर ध्यान केन्द्रित करके
(3) विकास के विभिन्न आयामों से बच्चों के कार्य का प्रदर्शन करके
(4) रंगीन आकर्षक परिवेश के लिए कक्षा-कक्ष की सजावट करके

**120.** निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धान्त बुनियादी चरण पर पाठ्यपुस्तक अभिकल्पना का **नहीं** है?

(1) पाठ्यचर्या सिद्धान्त
(2) प्रस्तुतीकरण सिद्धान्त
(3) मूर्त सिद्धान्त
(4) तकनीकी सिद्धान्त

## PART - V
## LANGUAGE – II : ENGLISH

| |
|---|
| **IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part-V (Q. No. 121-150),** if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE-II** only. |

**Read the passage given below and answer the questions that follow. (121-128)**

But the Lion went into the forest and found his own supper and no one ever knew what it was, for he didn't mention it. And the scarecrow found a tree full of nuts and filled Dorothy's basket with them, so that she would not be hungry for a long time. She thought this was very kind and thoughtful of the scarecrow, but she laughed heartily at the awkward way in which the poor creature picked up the nuts. His padded hands were so clumsy and the nuts so small that he dropped almost as many as he put in the basket. But the scarecrow did not mind how long it took him to fill the basket, for it enabled him to keep away from the fire, as he feared a spark might get into his straw and burn him up. So he kept a good distance away from the flames, and only came near to cover Dorothy with dry leaves when she lay down to sleep. These kept her snug and warm and she slept soundly by until morning.

When it was daylight, the girl bathed her face in a little rippling brook and soon after they all started toward the Emerald city.

This was to be a wonderful day for the travellers. They had hardly been walking an hour when they saw before them a ditch that lay across the road and divided the forest as far as they could see on either side.

**121.** Study the following statements :
(a) The Scarecrow gathered nuts as the tree was full of them.
(b) He feared for his life so he got busy in gathering nuts.
(1) (a) is right and (b) is wrong.
(2) (b) is right and (a) is wrong.
(3) Both (a) and (b) are right.
(4) Both (a) and (b) are wrong.

**122.** Study the following statements :
(a) Dorothy was obliged to the Scarecrow.
(b) The Scarecrow vanquished his hunger with nuts.
(c) He gathered so many nuts that no one would remain hungry.
(1) (a) and (b) are wrong but (c) is right.
(2) (b) and (c) are wrong but (a) is right.
(3) (c) and (a) are wrong but (b) is right.
(4) (a) and (b) are right but (c) is wrong.

**123.** No one ever knew <u>what it was</u>.
The underlined is a/an __________ clause.
(1) Principal (2) Noun (3) Adjective (4) Adverb

**124.** '... she would <u>not</u> be hungry'.
The underlined word is a/an __________.
(1) Preposition (2) Adverb (3) Conjunction (4) Interjection

**125.** Which one of the following statements is not true ?
(1) Scarecrow was afraid that the Lion might kill him.
(2) Lion could not eat the nuts gathered by the Scarecrow.
(3) He decided to hunt his prey.
(4) Dorothy felt amused at the way Scarecrow gathered the nuts.

**126.** They kept her snug .

The underlined word nearly means the same as :

(1) dizzy (2) messy (3) cosy (4) sordid

**127.** Which one of the following statements is true ?

(1) Scarecrow is not caring.
(2) He knows that the nuts are good for Dorothy.
(3) He shelled the nuts for Dorothy.
(4) Nuts mostly grow on bushes.

**128.** Which of the following statements is/are true ?

(1) The Scarecrow was kind-hearted as he filled the basket with nuts.
(2) He helped Dorothy to keep warm at night.
(3) He kept the Lion away from Dorothy.
(4) Both (1) and (2).

**Read the passage given below and answer the questions that follow. (129-135)**

Usually the first question I ask a newbie birder is, "What do you think is the most important physical requisite to be a birder ? Your eyes, your ears, your nose or any other ?"

Most often, the answer is "eyes", but several do home into what is the most important faculty - at least, according to me : your ears. Spotting birds in foliage is hard enough, but if you hear them, you know they are there.

But early the other morning, I realised it went much beyond that. The first bird call I heard as I left the house for my walk was the madcap ringing laugh of black-rumped flameback, earlier known as the golden-backed woodpecker. It was a wild, exultant laugh that set the tone and mood for the entire day. And then I realised that every bird call evokes a different reaction, memory or emotion in the listener.

Indian mynas, for example, invariably remind me of people in Delhi-always ready to argue and pick a fight, belligerent and in your face. Yet, they taught me not to make sweeping generalisations because when a pair perch on the window sill in the afternoons, they have meaningful civilised conversations with each other. There is inquiry, humour and affection in their voices.

**129.** Why should a birder have sharp ears ?

(1) One can easily distinguish their mating calls.
(2) The birds greet each other with their morning calls.
(3) One can easily locate them from their chirping.
(4) Their shrill shrieking can tell one that they are in danger.

**130.** Study the following statements :

(a) Different chirpings of birds evoke different emotions in a birder.
(b) Sometimes birds make their nests hidden from public view.

(1) (a) is right and (b) is wrong.
(2) (b) is right and (a) is wrong.
(3) Both (a) and (b) are right.
(4) Both (a) and (b) are wrong.

**131.** Study the following statements :

(a) The writer approves of the conduct of Delhi people.
(b) Indian mynas are generally known for their noisy quarrels.
(c) A myna couple can also be found enjoying themselves.

(1) (a) and (b) are right but (c) is wrong.
(2) (b) and (c) are right but (a) is wrong.
(3) (a) and (c) are right but (b) is wrong.
(4) (a) and (b) are wrong but (c) is right.

**132.** Who is a birder ?
(1) one who catches the birds
(2) one who watches the birds
(3) one who rears the birds
(4) one who hunts the birds

**133.** 'It was a wild exultant laugh....'
The underlined word is a/an __________.
(1) Noun (2) Verb (3) Adverb (4) Adjective

**134.** '..... belligerent in your face.'
The underlined word nearly means the same as :
(1) hostile (2) noisy (3) musical (4) different

**135.** 'The first bird call I heard as I left the house ...'
The underlined is a/an __________ clause.
(1) Principal (2) Noun (3) Adjective (4) Adverb

**136.** Assessment tools and processes at the foundation stage should be designed in a way that :
(1) explicit tests and examinations become appropriate for learners.
(2) they become a natural extension of the child's learning experience.
(3) learner's progress is described and analysed with that of the overall class performance.
(4) a teacher may use common single method to assess the achievement of all the learners.

**137.** Children's cognitive development and language :
(1) is related to the principle of linking stimulus-response and a process of imitation.
(2) is that an individual is born with a tool to master the language.
(3) development bear no relationship.
(4) is closely related to the culture and the community in which children live.

**138.** One of the best way to learn a second language is :
(1) being in a classroom where you can focus on the grammar and receive help from a teacher.
(2) by constant contact with native speakers in their own society.
(3) by repeating and practicing the dialogues as done in the audio-lingual method.
(4) by joining a speaking course for the target language.

**139.** *"Language learning is an intensive process that begins at birth and continues throughtout life."*
Do you agree or disagree with the above statement ?
(1) I agree with this statement.
(2) I disagree with this statement.
(3) I partially agree with the statement.
(4) I partially disagree with the statement.

**140.** Along with print books and audio books the books that engage the tactile abilities of young children should be a part of the classroom because :
(1) it brings variety to the class and children love variety.
(2) it gives autonomy to teachers to use different books for assessment.
(3) it makes books more accessible to diverse learners.
(4) these books will not overly burden a teacher.

**141.** A teacher asked the students of class V to read the story quickly and then put the four pictures in order. The purpose of this activity is to :
(1) arrange the picture cards.
(2) give them practice to reading for the gist.
(3) give them practice in reading for specific information.
(4) revise the new and difficult vocabulary of the story.

**142.** This reading has certain learning aims and tasks, learners are supposed to read the text in detail with concentration and due care, It is called :
(1) Extensive reading (2) Intensive reading
(3) Guided reading (4) Pleasure reading

**143.** The students learn patterns of language by repeating model sentences that the teacher provides. They memorise set phrases and receive positive reinforcement from their teacher when they perform the drills correctly. The teacher is using the :
(1) Audio-lingual method (2) Communicative approach
(3) Total physical response (4) Structural approach

**144.** Learners are memorising grammar rules and vocabulary and large amount of work is done in their mother tongue. Which method is being used by the teacher into his language class ?
(1) Direct method (2) Natural approach
(3) Communicative teaching (4) Grammar Translation

**145.** If children hear two languages spoken around them, this exposure will :
(1) put the children at a disadvantage.
(2) put the children at an advantage.
(3) not make any difference to the children.
(4) confuse the children, hindering understanding.

**146.** A big challenge in learning to read is finding motivation and good children's literature. To overcome this challenge :
(1) Teachers should motivate them to read a book everyday as homework.
(2) Encourage parents to establish a small library at home.
(3) Provide easily accessible Children's literature to motivate and generate interest in reading.
(4) School authorities must take learners to book fairs to generate motivation and interest in reading books.

**147.** To assess reading skills at primary level a language teacher should most importantly focus on :
(1) identifying the letters of alphabet.
(2) use of punctuation mark.
(3) reading at a proper speed.
(4) reading with understanding.

**148.** A good speaking activity is the one during which :
(1) teachers explains more
(2) learners listens more
(3) learners talk more
(4) participation by outspoken students is the maximum

**149.** At the beginning of the lesson, a teacher divided the class into groups and asked them to talk about an interesting newspaper article that they had just read. This type of speaking activity is for enhancing :
(1) Oral fluency practice. (2) Controlled oral practice.
(3) Guided oral practice. (4) Active listening.

**150.** Whole language approach is :
(1) Meaning based (2) Skill based
(3) Blends sounds (4) Infers a sound-symbol relationship

# भाग - V
# भाषा - II : हिन्दी

**महत्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग-V ( प्र.सं. 121 से 150 )** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा-II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। (121-128)**

इस बार मौसम विज्ञानियों ने घोषणा की हुई है कि अल नीनो प्रभाव के कारण मानसून कमज़ोर रह सकता है। चैत के महीने में बारिश होने के हालात पर घाघ ने भी यही कहा है। चैत यानी मार्च-अप्रैल के दिनों में अगर बारिश होती है तो सावन सूखा जा सकता है। बात सिर्फ़ इस बार के मानसून की नहीं है। अमेरिका में हाल ही में ताजे पानी के हालात पर हुए एक सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुतेरेज ने एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें कहा गया है कि 2050 तक पानी का सबसे बड़ा संकट भारत में आने वाला है। भारत पर संकट इसलिए है क्योंकि गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियों का पानी धीरे-धीरे कम होता जाएगा। सिर्फ़ गंगा की बात करें तो 2500 किलोमीटर लंबी यह नदी उत्तराखंड से बंगाल के बीच कई राज्यों से गुजरती है। इसके किनारों पर बसे महानगरों, कस्बों और गाँवों की करीब चालीस करोड़ की आबादी की पानी से जुड़ी जरूरतों को यह पूरा करती है। इसके पानी का स्रोत गंगोत्री ग्लेशियर है। पर्यावरण विज्ञानियों का दावा है कि पिछले 87 साल में तीस किलोमीटर लंबे इस ग्लेशियर का पौने दो किलोमीटर हिस्सा पिघलकर गायब हो चुका है। अभी जलवायु परिवर्तन का जो हाल है, वह पूरे हिमालय क्षेत्र के लिए खतरनाक माना जा रहा है। भारत के हिस्से वाले हिमालय में 9775 ग्लेशियर बताए जाते हैं। इनमें अकेले उत्तराखंड में 968 हैं। अब अगर इनके पिघलने की रफ़्तार तेज होती जाती है तो क्या होगा ?

**121.** भारत की नदियों में जल कम होता जा रहा है। इसका कारण है :

(1) ग्लेशियरों का न पिघलना
(2) ग्लेशियरों का तेज़ी से पिघलना
(3) ग्लेशियरों के क्षेत्रफल में कमी आना
(4) ग्लेशियरों के क्षेत्रफल में वृद्धि होना

**122.** गंगा के किनारे बसे लोगों की आबादी लगभग है :

(1) 87 करोड़ (2) 30 करोड़ (3) 40 करोड़ (4) 96 करोड़

**123.** नदियों का पानी <u>धीरे-धीरे</u> कम होता जाएगा। वाक्य में रेखांकित पद हैं :

(1) विशेषण (2) क्रिया (3) क्रिया विशेषण (4) प्रविशेषण

**124.** गद्यांश में किस संकट की बात की गई है ?

(1) खाद्य संकट (2) रोज़गार संकट (3) जल संकट (4) पर्यावरण संकट

**125.** अल नीनो का प्रभाव पड़ता है :

(1) जलवायु पर (2) जल स्रोतों पर (3) मानसून पर (4) मानव पर

**126.** 'इस ग्लेशियर का <u>पौने दो किलोमीटर</u> हिस्सा पिघलकर गायब हो चुका है।' वाक्य में रेखांकित पद है :

(1) संख्यावाचक विशेषण
(2) परिमाणवाचक विशेषण
(3) गुणवाचक विशेषण
(4) सार्वनामिक विशेषण

**127.** गद्यांश के अनुसार 2050 तक पानी का सबसे बड़ा संकट आनेवाला है :

(1) अमेरिका में (2) भारत में

(3) संयुक्त अरब अमीरात में (4) पाकिस्तान में

**128.** 'पर्यावरण' में उपसर्ग और मूल शब्द हैं :

(1) पर्या + आवरण (2) परि + अवरण (3) परि + आवरण (4) पर + आवरण

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। (129-135)**

इस संसार में सब कुछ अस्थायी है। पाप और पुण्य दोनों इस संसार से संबंधित हैं, इसलिए पाप और पुण्य भी अस्थायी हैं। पुण्य सुख देकर और पाप दुख देकर अंत को प्राप्त होता है। लेकिन पाप और पुण्य में थोड़ा अंतर यह है कि पुण्य का फल यदि हम नहीं चाहते तो उस फल को अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र हैं। पाप लोहे की जंजीर है तो पुण्य सोने की। बंधन दोनों में है। लोहे की जंजीर से छूटने का आदमी का मन भी करता है लेकिन सोने की जंजीर से जो बंधा हुआ हो उसको वह बंधन प्यारा लगने लगता है। उसमें उसको धन नजर आता है उससे छूटने का मन नहीं करता।

**129.** इस संसार में कुछ भी __________ नहीं है।

(1) अपूर्ण (2) पूर्ण (3) स्थायी (4) अस्थायी

**130.** पाप और पुण्य दोनों __________ हैं।

(1) स्थायी (2) अस्थायी (3) स्वाभाविक (4) हानिकारक

**131.** पुण्य में उसके फल को :

(1) हम स्वीकार नहीं भी कर सकते

(2) हम स्वीकार करने के लिए बाध्य हैं

(3) किसी दूसरे के लिए उपयोग में ला सकते हैं

(4) प्राप्त करना बहुत श्रमसाध्य है

**132.** गद्यांश के अनुसार पाप और पुण्य :

(1) दोनों में स्वतंत्रता है। (2) दोनों में फल की इच्छा रहती है।

(3) दोनों से मुक्ति अनिवार्य है। (4) दोनों में बंधन है।

**133.** पाप और पुण्य दोनों की तुलना क्रमशः __________ और __________ की जंजीर से की गई है।

(1) स्वर्ण, लोहे (2) लोहे, पीतल (3) लोहे, स्वर्ण (4) पीतल, लोहे

**134.** समूह से भिन्न शब्द है :

(1) फल (2) स्वतंत्र (3) अस्थायी (4) प्यारा

**135.** 'स्वतंत्र' का विलोम है :

(1) गुलाम (2) परतंत्र (3) दासता (4) परतंत्रता

**136.** बुनियादी चरण में आकलन के उपकरण और प्रक्रियाओं की अभिकल्पना इस तरह होनी चाहिए :

(1) जिससे जाँचपत्र व परीक्षाएँ शिक्षार्थियों के लिए स्पष्ट व उचित हो सके।

(2) जो बच्चे के अधिगम अनुभव का सहज विस्तार बन सकें।

(3) शिक्षार्थी की प्रगति का उसके समग्र कक्षा प्रदर्शन के संदर्भ में वर्णन और विश्लेषण किया जाना चाहिए।

(4) अध्यापक सभी शिक्षार्थियों की उपलब्धि का आकलन करने के लिए एक ही विधि का प्रयोग कर सकते हैं।

**137.** बच्चों का संज्ञानात्मक विकास और भाषा :

(1) उद्दीपक प्रतिक्रिया संबंध के सिद्धान्त और अनुकरण की प्रक्रिया से संबंधित है।

(2) मनुष्य का सहजात उपकरण है जिसके द्वारा वह भाषा में निपुणता प्राप्त करता है।

(3) विकास में कोई संबंध नहीं है।

(4) उस संस्कृति और समुदायों से घनिष्ठ रूप से संबंधित है जिनमें बच्चे रहते हैं।

**138.** कोई भी व्यक्ति किसके द्वारा सर्वाधिक उपयुक्त तरीके से द्वितीय भाषा सीख सकता है ?

(1) ऐसी कक्षा जहाँ आप व्याकरण पर ध्यान केन्द्रित करते हैं और अध्यापक से सहायता प्राप्त करते हैं।

(2) अपने समाज में सहजात वाचकों (मूलभाषा बोलने वालों) के सतत सम्पर्क के माध्यम से।

(3) श्रव्य भाषिक विधि के अनुसार संवादों को दोहराना और अभ्यास करना।

(4) लक्ष्य भाषा के किसी वाचन पाठ्यक्रम में दाखिला लेकर।

**139.** *''भाषा अधिगम एक गहन प्रक्रिया है जो जन्म के समय से शुरू होती है और जीवन पर्यन्त चलती है।''*

क्या आप इस कथन से सहमत या असहमत हैं ?

(1) मैं इस कथन से सहमत हूँ।

(2) मैं इस कथन से असहमत हूँ।

(3) मैं इस कथन से आंशिक रूप से सहमत हूँ।

(4) मैं इस कथन से आंशिक रूप से असहमत हूँ।

**140.** कक्षा में छोटे बच्चों के लिए मुद्रित पुस्तकों के साथ-साथ श्रव्य पुस्तकें और छोटे बच्चों की स्पर्शग्राही योग्यताओं का इस्तेमाल करने वाली पुस्तकें होनी चाहिए क्योंकि -

(1) कक्षा में विविधता आती है और बच्चों को विविधता बहुत पसंद है।

(2) यह अध्यापकों को आकलन के लिए विभिन्न पुस्तकों का प्रयोग करने की स्वायत्तता देती है।

(3) विविधता वाले शिक्षार्थियों तक पुस्तकें अधिक सुलभ बनाती है।

(4) अध्यापक पर अधिक बोझ नहीं डालती हैं।

**141.** एक अध्यापक ने कक्षा पाँच के विद्यार्थियों को शीघ्रता से एक कहानी पढ़ने और उसके बाद चार चित्रों को क्रम में लगाने के लिए कहा। इस गतिविधि का क्या उद्देश्य है ?

(1) चित्र कार्डों को क्रम से लगाना।

(2) सारांशीकरण के लिए पठन का अभ्यास करवाना।

(3) विशिष्ट सूचना जानने के लिए पठन का अभ्यास करवाना।

(4) कहानी में आए नए और कठिन शब्दों की पुनरावृत्ति।

**142.** इस प्रकार के पठन के कुछ अधिगम उद्देश्य और कार्य हैं। शिक्षार्थियों से अपेक्षा रहती है कि वे विषयवस्तु को विस्तार से ध्यानपूर्वक और सावधानीपूर्वक पढ़ें, यह है :

(1) विस्तृत पठन (2) गहन पठन (इंटैंसिव)

(3) निर्देशित पठन (4) आनन्द के लिए पठन

**143.** विद्यार्थी अध्यापक द्वारा दिये गए आदर्श वाक्यों को दोहराकर भाषा के प्रतिमान (पैटर्न) सीखते हैं। वे वाक्यों को कंठस्थ कर लेते हैं और सही तरीके से ड्रिल करने पर अपने अध्यापक द्वारा सकारात्मक पुनर्बलन प्राप्त करते हैं। अध्यापक द्वारा क्या किया जा रहा है ?

(1) श्रव्य भाषिक विधि
(2) सम्प्रेषणात्मक उपागम
(3) कुल भौतिक प्रतिक्रिया
(4) संरचनात्मक उपागम

**144.** शिक्षार्थी व्याकरण के नियम और शब्द संपदा को कंठस्थ कर रहे हैं, अधिकांश कार्य मातृभाषा में हो रहा है। भाषा अध्यापक द्वारा अपनी कक्षा में किस विधि का प्रयोग करना चाहिए ?

(1) प्रत्यक्ष (डायरेक्ट) विधि
(2) प्राकृतिक उपागम
(3) सम्प्रेषणात्मक शिक्षण
(4) व्याकरण अनुवाद

**145.** यदि बच्चे अपने परिवेश में दो भाषाओं का बोलना सुनते हैं, दो भाषाओं को सुनने के ये अवसर :

(1) बच्चों को नुकसान पहुँचाते हैं।
(2) बच्चों को लाभ पहुँचाते हैं।
(3) कोई प्रभाव नहीं डालते हैं।
(4) समझ में भ्रमित करते हैं।

**146.** पठन सीखने में सबसे बड़ी चुनौती प्रेरणा और अच्छा बालसाहित्य पाने की है। इस चुनौती को दूर करने के लिए –

(1) अध्यापकों को गृहकार्य के रूप में प्रतिदिन एक पुस्तक पढ़ने के लिए अभिप्रेरित करना चाहिए।
(2) अभिभावकों को अपने घर में एक छोटा सा पुस्तकालय बनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
(3) बाल साहित्य की सरलता से उपलब्धता जिससे पठन के लिए प्रोत्साहन और रुचि पैदा हो।
(4) विद्यालय के अधिकारियों को चाहिए कि वे बच्चों को पुस्तक मेले ले जाया करें जिससे कि वे पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित हों और रुचि पैदा हो।

**147.** प्राथमिक स्तर पर भाषा कौशल का आकलन करने के लिए भाषा अध्यापक को मुख्यत: किस पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए ?

(1) वर्णमाला के अक्षरों की पहचान करना।
(2) विराम चिन्हों का प्रयोग।
(3) उचित गति के साथ पठन।
(4) समझ के साथ पठन।

**148.** एक अच्छी वाचन (बोलना) गतिविधि वह है जिसमें :

(1) अध्यापक अधिक व्याख्या करते हैं।
(2) शिक्षार्थी अधिक सुनते हैं।
(3) शिक्षार्थी अधिक बातचीत करते हैं।
(4) अधिकांशत: मुखरित विद्यार्थियों की ही सहभागिता रहती है।

**149.** पाठ के आरंभ में एक अध्यापक ने अपनी कक्षा के शिक्षार्थियों को समूहों में बाँटा और कहा कि अभी हाल ही में पढ़े गए समाचार पत्र के रूचिकर आलेख के बारे में बात करें। बोलने (वाचन) की यह गतिविधि किसलिए है ?

(1) मौखिक प्रवाह अभ्यास
(2) नियंत्रित मौखिक अभ्यास
(3) निर्देशित मौखिक अभ्यास
(4) सक्रिय श्रवण

**150.** समग्र भाषा उपागम क्या है ?

(1) अर्थ आधारित
(2) कौशल आधारित
(3) ध्वनियों का मिश्रण
(4) ध्वनि–संकेत संबंध में निष्कर्ष निकालना

- o 0 o -

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

## READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Blue / Black Ball Point Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against the candidate including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his/her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his/her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/Room without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Hall / Room. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

## निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन** से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर-पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के कोड या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी।
5. परीक्षा पुस्तिका/उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका कोड व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से उपस्थिति-पत्र में लिखें।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी। इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश-पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए। इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और परीक्षार्थी विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं उपस्थिति-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार उपस्थिति-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान उपस्थिति-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है।
13. परीक्षा हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा।
14. किसी भी परिस्थिति में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी हॉल/कक्ष छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***